# बिहार में एक लाख के नकली नोट बरामद, SSB ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बिहार के अररिया जिले से सशस्त्र सीमा बल ने करीब एक लाख रुपये के जाली नोट के साथ एक तस्कर को गिरतार किया है. गिरफ्तार युवक की पहचान डोमा यादव उर्फ संतोष के रूप में की गई है, जो जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है.



सांकेतिक तस्वीर

नई दिल्ली, 16 सितंबर 2019, अपडेटेड 17:07 IST



- बिहार में एक लाख रुपये के नकली नोट बरामद
- सशस्त्र सीमा बल ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बिहार के अररिया जिले के कुर्साकांटा थाना क्षेत्र से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने करीब एक लाख रुपये के जाली नोट के साथ एक तस्कर को गिरतार किया है.

एसएसबी के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रविवार की रात कुछ तस्कर जाली नोट की खेप लेकर आने वाले हैं. इसी आधार पर एसएसबी के जवानों ने रात हत्ता चौक के निकट घेराबंदी कर एक युवक को रोककर तलाशी ली. उसके पास से एक थैले में रखे 99 हजार 500 रुपये के जाली नोट बरामद किए गए हैं. बरामद सभी नोट 500 रुपये के हैं.

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान डोमा यादव उर्फ संतोष के रूप में की गई है जो जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है. पुलिस गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी में और कितने लोग जुड़े हुए हैं.

बता दें कि इससे पहले राजस्थान की राजधानी जयपुर में एसओजी की टीम ने दो-दो हजार के 1 लाख 76 हजार रुपये की कीमत के जाली नोट बरामद किए थे. एसओजी के मुताबिक आरोपी बंगाल से नकली नोट लेकर जयपुर आए थे.

Source: https://aajtak.intoday.in/story/fake-note-ssb-confiscated-araria-bihar-smuggler-arrested-1-1120117.html